H.P Board Of School Education Dharamshala- 176215

Short Term E-Tender Document
For Supply of 80 GSM Surface Sized Maplitho Reel and Sheet Printing Paper

(Academic Session 2027-2028)

Important Dates

Sr.No	Event	Date	Time / Mode
1	Date of Publication of Short Term E-Tender on website	22-10-2026	http:/www.hpbose.org http:/hptenders.gov.in
2	Start of uploading of online bids	22-10-2026	18.00 hrs. http:/hptenders.gov.in
3	Last date of submission of online bids	03-11-2026	11:00 hrs
4	Last date of submission of Physical document	03-11-2026	11:00 hrs
5	Date of opening of technical bid	03-11-2026	12:00 hrs
6	Date of opening of financial bid	To be notified	

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला जिला कांगड़ा(हि0प्र0) 176215
दूरभाष/Tele: 01892-242167

Gayanalok Parisar, Dharamshala
Distt. Kangra(HP)-176215
e-mail : hpbosesobookprnt.41@gmail.com

1. 2. 3. 4. 5. 6.

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला –176215

क्रमांकः-हि0शि0बो0(41)पुस्तक मुद्रण शाखा/2026-6836 दिनांकः 22-10-26

अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए पाठ्य पुस्तकों की छपवाई (प्रिंटिंग) के लिए कागज की आपूर्ति हेतु भारत में स्थित बांस/लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित 80 जी.एस.एम. भारयुक्त मिल एवं बोर्ड वाटर मार्क कागज़ **(रील एंव शीट पेपर)** की बोर्ड के पेपर गोदाम अम्ब जिला ऊना हि0प्र0, एन0सी0आर0 दिल्ली /जालन्धर (पंजाब)/चंडीगढ/हिमाचल/जम्मू कश्मीर/हरियाणा/उत्तर प्रदेश में बोर्ड द्वारा चयनित मुद्रकों को आपूर्ति हेतु कागज मिलों से एतदद्वारा प्रतिस्पर्धात्मक ई–निविदाएं दिनांक 22.10.2026 से 03-11-2026 प्रातः 11:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

निविदादाता टैंडर प्रपत्र बोर्ड की वैबसाइट hpbose.org पर देख सकते हैं एवं वैबसाइट https://hptenders.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते है। इस दशा में निविदा प्रपत्र शुल्क ₹20000/- का डिमांड ड्राफट जो सचिव, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला को देय हो, तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

सचिव

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला

प्रिंटिंग पेपर की आपूर्ति हेतु निविदा प्रक्रिया की समय- सारणी

	तिथि	समय व स्थान
ई–निविदा		**80** GSM Surface sized Maplitho printing paper(reel and Sheet paper)
ई–निविदा प्रकाशित होने की तिथि	22-10-2026	http:/www.hpbose.org http:/hptenders.gov.in
निविदा अपलोड करने की आरम्भ तिथि एवं वैबसाइट का नाम	22-10-2026	18:00 hrs. http:/hptenders.gov.in
ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि	03-11-2026	11:00 hrs
टैण्डर फीस का डी.डी व अन्य दस्तावेज कार्यालय में पहुंचाने की अंतिम तिथि	03-11-2026	11:00 hrs
ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि	03-11-2026	12:00 hrs
वित्तीय निविदा खोलने की तिथि	To be notified	
निविदा खोलने का स्थान		H.P Board Of School Education Dharamshala

निविदादाता हेतु सामान्य निर्देश :–

1. निविदादाता टैंडर प्रपत्र बोर्ड की वैबसाइट hpbose.org पर देख सकते हैं एवं वैबसाइट https://hptenders.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते है।
2. निविदादाता को निविदा अपलोड करने हेतु सूचना तकनीकी अधिनियम 2000 के तहत डिजिटल सिग्नेचर (Digital Signature) लेना अनिवार्य है।
3. ई–निविदा प्रपत्र का भलीभांति अध्ययन करने के उपरान्त ही ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
4. ऑनलाईन प्रस्तुत की गई निविदा एवं दरें ही मूल्यांकन हेतु मान्य होंगी। अन्य किसी भी माध्यम से प्रस्तुत की गई दरें मान्य नहीं होंगी।
5. तकनीकी निविदा **प्रपत्र 'ख'** वांछित सूचना पूर्णरूप से भरकर एवं तदानुसार संलग्नक निविदादाता द्वारा स्कैन कर निर्धारित समय अनुसार ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
6. **निविदा फीस** –इच्छुक निविदादाता ₹20000/– (रूपये बीस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो **सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला जिला कांगड़ा** के नाम देय हो, तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। जोकि Non-refundable राशि होगी।
7. निविदा प्रकिया में भाग लेने के लिए ₹35,00,000/–(पैंतीस लाख रूपये) की **धरोहर राशि** जो, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/शैडयूलड बैंक द्वारा कम से कम एक वर्ष के लिए जारी एफ0डी0आर0 के रूप में सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, जिला कांगड़ा के पक्ष में हो, जमा करवानी होगी।
8. वित्तीय दरें पूर्ण रूप से .xls फॉरमेट में निर्धारित तिथि /समय अनुसार ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होंगी।
9. सम्पूर्ण कार्य हेतु एक निविदादाता की एक ही निविदा मान्य होगी।
10. कार्य आवंटन का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का प्रतिवेदन स्वीकार्य/विचार योग्य नहीं होगा।
11. सफल निविदादाता को आपूर्ति हेतु प्रस्तावित कागज मूल्य के 5 प्रतिशत के समतुल्य परफारमैन्स सैक्यूरिटी राशि, जिसमें तकनीकी निविदा के साथ दी गई धरोहर राशि को एफ.डी.आर. समायोजित की जाएगी, बैंक गारन्टी के रूप में जो कम से कम छः माह के लिए वैध हो कागज़ आपूर्ति करने हेतु अनुबंध करने से पहले बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी होगी।
12. निविदा फीस का बैंक ड्राफ्ट, धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 एव परफॉरमैन्स सैक्योरिटी के लिए बैंक गारंटी बोर्ड कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार भौतिक रूप से उपलब्ध कराने होंगे। उक्त दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध न कराने पर निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला–176215

पाठ्यपुस्तक प्रिंटिंग पेपर की आपूर्ति हेतु निविदा से संबन्धित नियम व शर्तें:–

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए पाठ्य पुस्तकों की छपाई (प्रिंटिंग) के लिए कागज की आपूर्ति हेतु बांस/लकड़ी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से कागज़ उत्पादन करने वाली एकीकृत लुगदी और कागज मिलों (Integrated Pulp and paper Mills) से ई-निविदा दिनांक 22.10.2026 से 03.11.2026 प्रातः 11:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदादाता टैंडर प्रपत्र बोर्ड की वैबसाइट hpbose.org पर देख सकते हैं एवं वैबसाइट https://hptenders.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते हैं। कागज की आपूर्ति बोर्ड के पेपर गोदाम अम्ब जिला ऊना हि0प्र0, एन0सी0आर0 दिल्ली /जालन्धर (पंजाब)/चंडीगढ /हिमाचल/ जम्मू कश्मीर/हरियाणा/उत्तर प्रदेश में बोर्ड द्वारा चयनित मुद्रकों को करनी होगी।

1. **कार्य का विवरण:**

i आपूर्ति किए जाने वाले कागज़ का विस्तृत विवरण संलग्न प्रपत्र "क" पर दिया गया है।

ii **प्रपत्र "क"** पर उल्लेखित कागज़ की मात्रा में कमी या अधिकता का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा की तय समय अवधि में निर्धारित की गई मात्रा के अनुसार कागज कार्यालय द्वारा कभी भी कय किया जा सकता है तथा करारनामा निविदा में तय शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

iii. कागज़ आपूर्ति हेतु सम्भावित स्थल हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड का पेपर गोदाम अम्ब जिला ऊना हि0प्र0, एन0सी0आर0 दिल्ली /जालन्धर (पंजाब))/चंडीगढ /हिमाचल के चयनित मुद्रकों का कार्य स्थान होगा। बोर्ड कार्यालय के निर्देशानुसार कागज की निर्दिष्ट मात्रा की आपूर्ति करनी होगी।

iv प्रस्तावित कागज़ की आपूर्ति **रील व शीट पेपर** में बोर्ड के निर्देशानुसार करनी होगी।

2. **निविदा हेतु मुख्य शर्तें:**

i भारत में स्थित पेपर उत्पादन करने वाली मिलें इस निविदा में भाग लेने की पात्र होंगी।

ii सशर्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

iii. धरोहर राशि ₹35.00,000 (पैंतीस लाख केवल) की राशि जो किसी शड्यूलकृत बैंक/शैडयूल्ड बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0 के रूप में जिसकी अवधि कम से कम 1 वर्ष की हो तथा सचिव हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड के लिए बंधक हो, तकनीकी निविदा के साथ संलग्न की जाए।

iv. सफल निविदादाता को आपूर्ति हेतु प्रस्तावित कागज मूल्य के 5 प्रतिशत के समतुल्य परफारमैंस सिक्युरिटी राशि, जिसमें तकनीकी निविदा के साथ दी गई धरोहर राशि को

एफ.डी.आर. समायोजित की जाएगी, बैंक गारन्टी के रूप में जो कम से कम छः माह के लिए वैध हो कागज़ आपूर्ति करने हेतु अनुबंध करने से पहले बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी होगी।

v. पेपर मिल द्वारा गत तीन वर्षों में औसतन कम से कम 73000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष प्रिंटिंग पेपर का वास्तविक उत्पादन कर अपने पल्पिंग प्लांट से आपूर्ति की गई हो या मिल की उत्पादन क्षमता कम से कम 200 मी0टन प्रतिदिन हो। कागज के उत्पादन/आपूर्ति/क्षमता की पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दस्तावेज **प्रपत्र "ख"** (तकनीकी निविदा) के साथ अपलोड/प्रस्तुत किए जाएं।

vi अधूरी एवं बिना धरोहर राशि के प्रस्तुत निविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी।

vii. इच्छुक निविदादाता द्वारा ₹100 के स्टांप पेपर पर निम्नलिखित आशय का शपथ पत्र जो नोटरी पब्लिक से सत्यापित हो, तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना होगा :

क. संबधित मिल/संस्था को किसी सरकारी या अर्धसरकारी विभाग द्वारा काली सूची में नही डाला गया है।

ख. संबधित मिल वर्जिन बांस/लकडी/एग्रो पल्प से कागज का उत्पादन करती है।

ग. कागज निर्माण हेतु मैकेनिकल पल्प का प्रयोग नही किया जाएगा।

viii. सूचित किए जाने पर चयनित आपूर्ति कर्ता को तीन दिन के भीतर बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर अपेक्षित परफारमेंस सैक्यूरिटी राशि जमा करवाकर कागज आपूर्ति हेतु अनुबंध करना होगा।

ix. आपूर्ति आदेशों (Supply order) की तिथि से 50 (पचास) दिनों के भीतर निर्दिष्ट कागज की आपूर्ति निर्धारित स्थल पर सुनिश्चित करनी होगी। 50% कागज की आपूर्ति 30 (तीस) दिनों के भीतर–भीतर करनी होगी।

x कागज आपूर्तिकर्ता मिल द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले कागज के परिवहन के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति के लिए आपूर्तिकर्ता स्वयं जिम्मेवार होगा।


xi. कागज़ आपूर्ति हेतु निर्धारित मानकों, जो प्रपत्र "क" पर दिए गए हैं की अनुपालना हेतु सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त लेबोरेटरी (प्रयोगशाला) से कागज की टेस्ट रिपोर्ट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत/अपलोड की जाएं। उक्त कागज के ए 4 साइज के 5 सैंपल सत्यापित कर भौतिक रूप से उपलब्ध कराने होंगे।


xii. पेपर उत्पादन मिल भारतवर्ष के Central Excise/GST संस्थान से पाधिकृत हो।


xiii. कागज आपूर्ति हेतु निश्चित की गई दरें एक वर्ष तक मान्य होंगी। निश्चित की गई दरों एवं टैंडर में निहित नियम एवं शर्तों को दोनो पक्षों की सहमति से आगामी एक वर्ष के लिए विस्तारित किया जा सकता है।


xiv. **हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड का वाटर मार्क कागज की प्रत्येक शीट पर बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट अन्तर पर प्रदर्शित करना होगा।**

Example:-









xv. मिल द्वारा गत तीन वर्षों में कम से कम औसतन 500 मीट्रिक टन वाटर मार्क कागज का उत्पादन प्रतिमाह कर भारत सरकार या राज्य सरकार या अन्य किसी सरकारी विभाग या PSU (पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग) को सप्लाई की गई हो तथा उसके प्रमाण के रूप में Work order या कोई अन्य साक्ष्य उपलब्ध करवाना होगा। इस सम्बन्ध में मिल द्वारा शपथ–पत्र देना भी अनिवार्य होगा।

xvi यदि निविदादाता (Tenderer) द्वारा किसी भी चरण में भारत के किसी अन्य राज्य या स्थान पर कागज क्रय के लिए इस निविदा में स्वीकृत दरों से कम दरों पर प्रस्ताव/आपूर्ति की जाती है, तो **ऐसी स्थिति में वही कम दरें इस निविदा के अंतर्गत भी**

लागू होंगी तथा निविदादाता द्वारा पूर्व में स्वीकृत अधिक दरों पर भुगतान प्राप्त नहीं किया जा सकेगा। निविदादाता को ऐसी कम दरों की सूचना तत्काल क्रेता/विभाग को देनी होगी और लंबित एवं भविष्य की सभी आपूर्तियों के लिए कम की गई दरें प्रभावी मानी जाएंगी। यदि निविदादाता द्वारा कम दरों की जानकारी छिपाई जाती है अथवा अधिक दरों पर आपूर्ति की जाती है, तो विभाग को ऐसी दरों को अस्वीकार करने एवं अनुबंध की शर्तों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार होगा। (Price Fall) के संबंध में निविदादाता को निर्धारित प्रारूप (प्रपत्र ङ) में शपथ पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जो निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न है।

3. भुगतान की प्रकिया:

i आपूर्ति आदेशानुसार कागज़ की आपूर्ति हो जाने पर 90% भुगतान किया जाएगा। शेष 10% भुगतान समस्त आपूर्ति के संतोषजनक पाए जाने व कागज की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट उपलब्ध होने पर किया जाएगा। कागज का परीक्षण शुल्क (टैस्टिंग खर्च) कागज मिलों को प्रभारित किया जाएगा। कागज की लैब टैस्टिंग हेतु अपेक्षित सैंपल मिल द्वारा कागज की आपूर्ति के दौरान या आपूर्ति पूरी होने पर कभी भी लिए जा सकते हैं।

ii. आयकर टी0डी0एस0 व जी0एस0टी0 टी0डी0एस0 की कटौती नियमानुसार देय भुगतान से की जाएगी जिसे सम्बधित विभाग के पास जमा करवाया जाएगा।

4. दण्डात्मक प्रावधान:

i निर्धारित समय सीमा में कागज की आपूर्ति न किए जाने की स्थिति में निम्न प्रकार से आर्थिक दण्ड लगाया जाएगा:-

क. 1 से 7 दिन की देरी पर आपूर्ति किए गए कागज़ की राशि का 0.25% ।

ख 8 से 15 दिनों की देरी पर आपूर्ति किए गए कागज़ की राशि का 0.50% ।

ग 16 से 22 दिनों की देरी पर आपूर्ति किए गए कागज़ की राशि का 0.75% ।

घ 22 से अधिक दिनों की देरी पर आपूर्ति किए गए कागज़ की राशि का 1.00% ।

ii निविदा में निहित नियम व शर्तों की अनुपालना न करने की स्थिति में आपूर्ति आदेश रद्द करके परफारमैंस सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आपूर्तिकर्ता को काली सूची में डाला जाएगा।

iii विषयांकित 80 जी0एस0एम0 कागज़ की आपूर्ति पर उपरोक्त क्रम संख्या 2(ख) के अनुसार कागज की गुणवत्ता का परीक्षण करवाए जाने पर यदि कागज़ की गुणवत्ता निर्धारित मानकानुसार नहीं पाई जाती है तो भुगतान योग्य कुल राशि के 2 प्रतिशत प्रति मानक, अधिकतम कुल राशि के 10 प्रतिशत के समतुल्य राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

5. **विविधः**

i सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिपेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के निर्णयार्थ (आर्बीट्रेशन) प्रस्तुत किया जायेगा और उनका निर्णय अंतिम होगा जो दोनों पक्षों के लिये मान्य होगा ।

ii अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आर्बीट्रेशन के बाद विवाद हल न होने की स्थिति में धर्मशाला ज़िला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) स्थित न्यायालय का अधिकार क्षेत्र ही मान्य होगा।

iii. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के पास सुरक्षित होगा।

iv कार्य अधिकता के दृष्टिगत नैगोशियेशन के आधार पर अन्य निविदादाताओं को कार्य आवंटन का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित होगा।

v निविदा प्रकाशन के उपरान्त भी निविदा के नियम एवं शर्तों में संशोधन का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है। ऐसे संशोधन, यदि आवश्यक हों, स्कूल शिक्षा बोर्ड की वैबसाईट www.hpbose.org पर उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त निविदा खोलने से पूर्व निविदा समिति द्वारा निविदादाताओं को नियम व शर्तों में बदलाव, यदि कोई हो, सूचित किया जाएगा।

सचिव

प्रपत्र "क"

कागज का विवरण

कार्य का विवरणः

शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण हेतु प्रिंटिंग पेपर की आपूर्ति।

1. कागज़ की मात्रा का विवरण :

क्रमांक	कागज	कागज़ का विशिष्टीकरण	आपूर्ति हेतु अनुमानित मात्रा
1	80 जीएसएम सरफेस साईजड मैपलिथो पेपर (रील पेपर)	80 जीएसएम भारयुक्त बांस /लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित मिल व बोर्ड वाटर मार्क कागज पेपर साईजः– 71cm Reel width 84cm Reel width/ निर्देशानुसार	2000 मि0 टन
2	80 जीएसएम सरफेस साईजड मैपलिथो पेपर (शीट पेपर)	80 जीएसएम भारयुक्त बांस /लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित मिल व बोर्ड वाटर मार्क कागज पेपर साईजः– 71X102 cm Sheet Paper 58X84 cm Sheet Paper	1500 मि0 टन

2. कागज़ का विशिष्टीकरण

80 जी0एस0एम0 भारयुक्त मिल एंव बोर्ड वाटर मार्क युक्त सरफेस साईजड गैपलिथो पेपर जो बांस /लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित कागज़ जो BIS IS 1848/2018 (पार्ट–I) के नवीनतम् संशोधन के अनुरूप होना चाहिए। अपेक्षित मानकों का विवरण निम्न प्रकार से है:–

Sr No	Description	Specifications/Parameters
1	Gramage (GSM)	80+/-2.5%
2	Tensile Index	
	Tensile Index MD (Nm/g)	30.0 -50.0 or higher
	Tensile Index CD (Nm/g)	20.0 -40.0 or higher min
3	Brightness (%)	82.0 -95.0 or higher
4	Opacity (%)	85.0- 95.0 or higher
5	One minute cobb test	15.0 – 25.0 or lower
6	Tear Index (mn.sq.m/gm)	
	Tear Index MD (Nm.m^2/g)	3.5 -5.0 or higher
	Tear Index CD (Nm.m^2/g)	4.0 – 6.5 or higher
	Double fold MD (Nm/g)	15.0 -40.0 or higher
	Double fold CD (Nm/g)	10.0 -30.0 or higher
7	Wax Pick	No Pick on 10 A
8	Smoothness	150.0 -300.0 or lower

प्रपत्र "ख"

तकनीकी निविदा

शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड को कागज की आपूर्ति हेतु तकनीकी निविदाः

क्रमांक		विवरण
1	निविदादाता का नाम	
2	पता	
3	फोन न0 कार्यालय मोबाईल न0	
4	स्थाई आयकर संख्या (सम्बन्धित दस्तावेज़ की छायाप्रति संलग्न करें)	
5	वैध व्यापार कर रजिस्ट्रेशन/वैट पंजीकरण संख्या (छायाप्रति संलग्न करें)	
6	जी.एस.टी. पंजीकरण संख्या (वैध व्यापार कर रजिस्ट्रेशन/जी. एस.टी. पंजीकरण पत्र की प्रति संलग्न करें)	
7	**धरोहर राशि का विवरणः**	
	एफ.डी.आर संख्या	
	दिनांकः	
	धनराशिः	
	जारीकर्ता बैंक का नाम व शाखा	

8. निविदादाता द्वारा गत तीन वर्षों में प्रतिवर्ष कागज का उत्पादन (इस आशय हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र **प्रपत्र "घ"** की प्रति संलग्न करें)

9.

S.No.	Financial Year	Production (Paper in M.T.)	Clearance (Paper in MT)
1	2023-24		
2	2024-25		
3	2025-26		
	Average		

मिल द्वारा विगत तीन वर्षों में कम से कम औसतन 500 मीट्रिक टन वाटर मार्क कागज का उत्पादन प्रतिमाह कर भारत सरकार या राज्य सरकार या अन्य किसी सरकारी विभाग या PSU (पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग) को सप्लाई की गई हो तथा उसके प्रमाण के रूप में Work order या कोई अन्य साक्ष्य उपलब्ध करवाना होगा। इस सम्बन्ध में मिल द्वारा शपथ–पत्र देना भी अनिवार्य होगा।

10 किसी सरकारी/अर्धसरकारी विभाग से किसी प्रकार का विधिक विवाद न होने, काली सूची में दर्ज न होने व निविदा में समस्त सूचनाएं सही दर्ज करने एवं इस आशय की वचनवद्धता कि उनकी मिल बांस/लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से कागज बनाती है से संबंधित नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करें।

11. अन्य विवरण:

मै0.....मैसर्ज.....

का मालिक/.....प्रतिशत सांझेदार/प्रबंधक हूं। इस निविदा की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने एवं समस्त देयक के प्रति मेरा पूर्ण उत्तरदायित्व है। अपेक्षित दस्तावेज/ प्रमाण–पत्र संलग्न कर दिए गए हैं । उपरोक्त दर्शाई गई सभी सूचनाएं पूर्णतयः सत्य हैं। इससे सम्बन्धित कोई भी सूचना छिपाई नहीं गई है। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा।

दिनांक:

मिल मालिक/प्रबंधक
के हस्ताक्षर.....
नाम.....
संस्था की मोहर.....

प्रपत्र "ग"

वित्तीय निविदा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027 28 के लिए पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण हेतु कागज़ की आपूर्ति के लिए वित्तीय निविदाः—

क्रमांक	कागज	कागज़ का विवरण	दर प्रति मि0 टन जी0एस0टी0 सहित	
			अंकों में	शब्दों में
1	80 जीएसएम सरफेस मैपलिथो पेपर (रील पेपर)	80 जीएसएम भारयुक्त बांस /लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित मिल व बोर्ड वाटर मार्क कागज **पेपर साईजः—** 71cm Reel width	आनलाइन भरें	आनलाइन भरें
		पेपर साईजः— 84cm Reel width	आनलाइन भरें	आनलाइन भरें
2	80 जीएसएम सरफेस साईजड मैपलिथो पेपर (शीट पेपर)	80 जीएसएम भारयुक्त बांस /लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित मिल व बोर्ड वाटर मार्क कागज **पेपर साईजः—** 71X102 cm Sheet Paper	आनलाइन भरें	आनलाइन भरें
		पेपर साईजः— 58X84 cm Sheet Paper	आनलाइन भरें	आनलाइन भरें

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त दर में टैण्डर में निहित विशिष्टताओं के अनुरूप निर्मित कागज़ की बोर्ड निर्देशानुसार टैण्डर में विन्हित स्थानों पर सभी प्रभारों सहित आपूर्ति सम्मिलित है।

मिल मालिक/प्रबंधक
के हस्ताक्षर.....
नाम.....
संस्था की मोहर.....

प्रपत्र "घ"

Self Declaration by Bidder

To,
Secretary
H.P Board Of School Education
Dharamshala.

In reference to bid document for the supply of paper for printing of textbooks of HPBOSE Dharamshala, I/We_____do hereby declare that I/We are Partner/Director/Proprietor of the firm. I/We_____ do hereby declare that I/We have read and understood the application form and thus declare that I/We will abide by the term and the conditions of the tender. I/We manufacture and supply 80 GSM Maplitho water mark paper made from virgin Bamboo/Wood/Agro pulp on time as specified in the terms and conditions of the tender. The production and the clearance of this paper for preceding last three years is as follows:-

S.No.	Financial Year	Production (Paper in M.T.)	Clearance (Paper in MT)
1	2023-24		
2	2024-25		
3	2025-26		
	Average of above financial years		

That our mill has not been blacklisted or debarred/No FIR is registered against our mill/forfeiture of EMD by any Govt. department Nor any such action is in progress against the mill on non supply of paper.

In case above information given by me/us is found to be incorrect H.P. Board Of School Education, Dharamshala has right to take legal action against me/ us.

Stamp and Signature
(Proprietor/Partner/Director)

Certification by Statutory Auditor (Chartered Accountant) of the Firm

As per the documents and the records of M/s_____

(Name and Address) having GSTN No. _____audited by us, we certify that above informations are correct and verified.

Stamp, Signature and Registration No. of Statutory Chartered Accountant of the Firm (along with the certificate no.)

Verification

I/We do hereby verify the content of the declaration made by me/us are correct and believed to be true. I/We have verified and signed on the _____day of _____2026, time_____

Witness:-

1

2

Deponent

Stamp of the paper mill

प्रपत्र 'ङ'

शपथ पत्र (AFFIDAVIT)

PRICE FALL CERTIFICATE

I/We, Shri/Smt. _____,
(Designation) _____, being the duly authorized representative of M/s _____, having its office at _____, do hereby solemnly declare and certify as under:–

That the rate of paper quoted by our Firm/Company to the H.P. Board of School Education, Dharamshala, shall not be higher than the rate at which the same grade, specification and quality of paper is supplied by us to any other purchaser during the currency of the contract.

That if the same grade, specification and quality of paper is supplied to any other purchaser at a lower rate, we shall immediately inform the Board in writing, and the reduced rate shall be applicable to the supplies to be made to the Board.

That in case of failure to intimate such reduction, the Board shall have the right to recover the excess amount paid, and our Firm/Company shall be liable for such recovery.

That this Price Fall Certificate is furnished in compliance with the tender conditions and Price Fall provision applicable to the contract.

Place: _____

Date: _____

Designation: _____

Name & Signature: _____

Name of Firm/Company: _____

Stamp of Firm/Company: _____

VERIFICATION

I/We hereby verify that the contents of the above Price Fall Certificate are true and correct to the best of my/our knowledge and belief, and that no material fact has been concealed therein.

Place: _____

Date: _____

Signature of Authorized Representative: _____

Name: _____

Designation: _____

Stamp of Firm/Company: _____